गुलाबी नगरी के वैभव को संरक्षित करने हेतु ऑस हैरिटेज व पीडीकोर के बीच हुआ एम ओ यू

चर्चा में क्यों?

3 मार्च, 2023 को राजस्थान की गुलाबी नगरी जयपुर को ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संरक्षित करने हेतु जयपुर में पीडीकोर, जेडीए, नगर निगम जयपुर हैरिटेज, जयपुर स्मार्ट सिटी लि. व नवागंतुक आस्ट्रेलिया के सहभागी संगठन ऑस हैरिटेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक द्विवसीय कार्यशाला में ऑस हैरिटेज और पीडीकोर के बीच एक एमओयू साईन हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- इस एमओयू के तहत ऑस हैरिटेज संगठन जयपुर शहर की पुरा संपदा के संरक्षण व संवर्द्धन हेतु म्युचुअल रुचि के कोर क्षेत्र में आधुनिक व परंपरागत प्राचीन विधाओं का इस्तेमाल करते हुए सेवाएँ प्रदान करेगा।
- उल्लेखनीय है कि राजा सवाई जयसिंह द्वारा 35-40 चालीस हज़ार लोगों के लिये खुशहाली के साथ निवास करने हेतु 1727 में बसायी गई गुलाबी नगरी जयपुर जिसे यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत व 2015 में क्राफ्ट सिटी के रूप में घोषित किया जा चुका है।
- कार्यशाला के समापन सत्र में जयपुर विरासत फाउंडेशन की अध्यक्ष व सिटी पैलेस की डायरेक्टर रीमा हूजा ने कहा कि शहर की विरासत के साथ आबोहवा को बचाने हेतु बच्चों को भी हैरिटेज वारियर्स बनाना होगा।
- नगरीय विकास एवं आवासन हेतु राजस्थान सरकार के सलाहकार जी.एस. संधू ने ऑस हैरिटेज के अध्यक्ष व प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व यूनेस्को विश्व विरासत जयपुर डेवलपमेंट प्लान पर केंद्रित पुस्तक भेंट की।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-signed-between-aus-heritage-and-pdcor-to-preserve-the-splendor-of-the-pink-city